# भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
**(रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उद्यम)**
**पंचकुला**
**सीआईएन- L32309KA1954GOI000787**

**विज्ञापन सं.- PK84/SAO(OL)/202425**
**विज्ञापन जारी करने की तिथि- 05.02.2025**
**आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि-26.02.2025**

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) एक नवरत्न कंपनी और भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है जिसकी उत्पाद श्रृंखला में सैन्य संचार, रेडार, नौसैनिक प्रणालियां, सी4 आई प्रणालियां, शस्त्र प्रणालियां, होमलैंड सुरक्षा, दूरसंचार एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक युद्धपद्धति, टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स के क्षेत्रों में 350 से अधिक विभिन्न उत्पाद हैं।

बीईएल अपने बेंगलूरु, पंचकुला, पुणे, नवी मुंबई और मछलीपट्टणम यूनिटों में 5 वर्षों की नियत अवधि आधार पर वरिष्ठ सहायक अधिकारी (राजभाषा) के पद के लिए उत्कृष्ट पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करती है-

| क्र.सं. | पद | श्रेणी/ पदनाम | अवधि | पदों की सं. | अनारक्षित वर्ग के लिए 01.02.2025 तक ऊपरी आयुसीमा | वेतनमान | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ सहायक अधिकारी (राजभाषा) नियत अवधि आधार पर, ई-I | ई-I श्रेणी में वरिष्ठ सहायक अधिकारी | 5 वर्ष | 5 | 35 वर्ष | रु. 30,000 - 3% - 1,20,000/- | अनारक्षित- 4<br>अ.पि.व.- 1 |
| | | ई-I श्रेणी में वरिष्ठ सहायक अधिकारी (भूतपूर्व सैनिक) | | | 40 वर्ष | | |

अ.पि.व. और पीडबल्यूबीडी अभ्यर्थियों को सरकारी दिशा-निर्देशों अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

**1.0 शैक्षिक योग्यता**
अभ्यर्थियों को निम्नलिखित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता प्राप्त होनी चाहिए -

| पद | श्रेणी / पदनाम | शैक्षिक योग्यता | अंकों का प्रतिशत / श्रेणी |
|---|---|---|---|
| वरिष्ठ सहायक अधिकारी (राजभाषा) नियत अवधि आधार पर, ई-I | ई-I श्रेणी में वरिष्ठ सहायक अधिकारी | स्नातक स्तर पर विषय के रूप में हिंदी और अंग्रेजी के साथ किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री<br>या<br>स्नातक स्तर पर अंग्रेजी विषय के साथ हिंदी में स्नातकोत्तर डिग्री<br>या<br>स्नातक स्तर पर हिंदी विषय के साथ अंग्रेजी में स्नातकोत्तर डिग्री।<br>या<br>हिंदी माध्यम से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री और स्नातक स्तर पर विषय के रूप में अंग्रेजी।<br>या | प्रथम श्रेणी |
| | ई-I श्रेणी में वरिष्ठ सहायक अधिकारी (भूतपूर्व सैनिक) | | उत्तीर्ण श्रेणी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अंग्रेज़ी माध्यम से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री और स्नातक स्तर पर विषय के रूप में हिंदी। | |

**कृपया नोट करें-**

क. ऐसे आवेदक जिनके विषय/विशेषज्ञता/परीक्षा का माध्यम/डिग्री प्रमाण-पत्रों/डीएमसी में उल्लिखित अध्ययन विषय विज्ञापन में उल्लिखित विषय से मेल नहीं खाते हैं, चयन के लिए विचार नहीं किए जाएंगे।

ख. यदि अर्हक डिग्री में अंतिम अंक अक्षर श्रेणी (सीजीपीए / जीपीआई / एसजीपीए आदि) में दिए गए हैं, तो पात्रता मानदंड तय करने हेतु संबंधित संस्थान / विश्वविद्यालय द्वारा जारी अंक-परिवर्तन फार्मूले का इस्तेमाल किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों को, यदि लघु-सूची में उनका चयन किया जाता है, साक्षात्कार के समय, संबंधित संस्थान / विश्वविद्यालय द्वारा जारी अंक-परिवर्तन प्रमाण-पत्र जमा करना होगा

**महत्वपूर्ण** - डिग्री भारतीय विश्वविद्यालय (भारत के केंद्रीय या राज्य विधान के किसी अधिनियम द्वारा निगमित विश्वविद्यालय अथवा संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षणिक संस्थान अथवा जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत विश्वविद्यालय माना गया हो) द्वारा मान्यताप्राप्त होनी चाहिए।

## 2.0 संबंधित शैक्षणोत्तर अनुभव

नीचे दी गई कार्य जिम्मेदारियों के अनुसार विशिष्ट अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों पर ही उक्त पदों हेतु विचार किया जाएगा –

| श्रेणी/पदनाम | आवश्यक न्यूनतम शैक्षणोत्तर अनुभव |
|---|---|
| ई-I श्रेणी में वरिष्ठ सहायक अधिकारी | हिंदी शब्दावली कार्य के प्रयोग / अनुप्रयोग तथा अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अथवा वरीयत: तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य में अनुवाद का तीन वर्षों का अनुभव। |
| ई-I श्रेणी में वरिष्ठ सहायक अधिकारी (भूतपूर्व सैनिक) | सेना/नौसेना/वायुसेना/केंद्रीय अर्धसैनिक संगठनों से कार्यमुक्त होते समय जेसीओ ग्रेड में होना चाहिए और हिंदी शब्दावली कार्य के प्रयोग / अनुप्रयोग तथा अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अथवा वरीयत: तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य में अनुवाद का तीन वर्षों का अनुभव। |

कृपया नोट करें- अनुभव की प्रासंगिकता और निर्दिष्ट श्रेणी में अभ्यर्थियों के चयन के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

## 3.0 ऊपरी आयु सीमा एवं छूट

निर्णायक तिथि 01.02.2025 को अनारक्षित अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा निम्नानुसार है-

| पद | श्रेणी / पदनाम | अनारक्षित श्रेणी के लिए 01.02.2025 को ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|
| वरिष्ठ सहायक अधिकारी (राजभाषा), नियत अवधि आधार पर, ई-I | ई-I श्रेणी में वरिष्ठ सहायक अधिकारी | 35 वर्ष |
| | ई-I श्रेणी में वरिष्ठ सहायक अधिकारी (भूतपूर्व सैनिक) | 40 वर्ष |

**ऊपरी आयु सीमा में छूट**

अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्षों की छूट दी जाएगी।

पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के संबंध में, ऊपरी आयु सीमा में 10 साल तक की छूट दी जाएगी। ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के संबंध में, ओबीसी (एनसीएल) से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य छूट के अलावा स्वीकार्य आयु छूट दी जाएगी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा माध्यमिक / उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए जारी प्रमाण-पत्र जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो, आयु के प्रमाण का एकमात्र स्वीकार्य दस्तावेज होगा।

माध्यमिक / उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रमाण-पत्र में जन्म तिथि उपलब्ध न होने की स्थिति में सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र पर विचार किया जाएगा।

**अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए**

- भारत सरकार और केंद्र सरकार के सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित संबंधित राज्यों के अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में जाति का नाम अवश्य होना चाहिए।

- अभ्यर्थी को भारत सरकार / केंद्र सरकार / सरकारी क्षेत्र के उपक्रम के तहत पदों की नियुक्ति में आरक्षण के प्रयोजनार्थ लागू नवीनतम निर्धारित प्रारूप में दिनांक **01.02.2024** को या उसके बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

- प्रमाण-पत्र में जारी करने की तारीख के साथ-साथ जाति का नाम बिल्कुल उसी तरह लिखा होना चाहिए जिस तरह केंद्रीय सूची में लिखा है।

- ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थी जो "नवोन्नत वर्ग" से संबंधित हैं, ओबीसी (एनसीएल) की रियायत/आरक्षण के लिए हकदार नहीं हैं और ऐसे अभ्यर्थियों को "अनारक्षित" श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में आवेदन करना होगा।

**पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए-**
पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के तहत छूट/आरक्षण का दावा करने के लिए अभ्यर्थी को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना होगा -

- दिव्यांगता की प्रकृति - स्थायी
- दिव्यांगता की मात्रा - न्यूनतम 40%
- दिव्यांगता की संबंधित श्रेणी पर लागू नवीनतम प्रारूप के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र।
- पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी की ऊपरी आयु सीमा के संबंध में 10 साल की छूट दी जा सकती है। ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के संबंध में, ओबीसी (एनसीएल) से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य छूट के अलावा स्वीकार्य आयु छूट लागू होगी। बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के संबंध में, श्रेणी के तहत अभ्यर्थी के दिव्यांगता की विचारणीय मात्रा सरकारी मानदंडों द्वारा निर्धारित होगी।

**भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए-**

- भूतपूर्व सैनिकों के संबंध में सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार छूट दी जाएगी।

- अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में अनुलग्नक-ए प्रस्तुत करना होगा जिस पर सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर हों।

### 4.0 तैनाती का स्थान -
उपर्युक्त नियुक्तियां निम्नलिखित स्थानों पर स्थित बीईएल की सभी / किसी एक यूनिट / कार्यालय के लिए है- बेंगलूरु (कर्नाटक), पुणे (महाराष्ट्र), मछलीपट्टनम (आंध्र प्रदेश), पंचकुला (हरियाणा) और नवी मुंबई (महाराष्ट्र)।

कंपनी की आवश्यकताओं के आधार पर, चयनित अभ्यर्थियों को प्रबंधन के विवेकाधिकार पर भारत में किसी भी स्थान पर या बीईएल के किसी भी अनुभाग / विभाग / प्रभाग / यूनिट में पारिश्रमिक को प्रभावित किए बिना तैनात किया जा सकता है।

### 5.0 पारिश्रमिक
वेतनमान रु. 30,000-3%-1,20,000/-, मूल वेतन के अतिरिक्त, पारिश्रमिक पैकेज में कंपनी के नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, अनुलब्धियां जैसे पेशेवर विकास भत्ता, वाहन भत्ता, छुट्टी यात्रा भत्ता आदि, कार्य-निष्पादन संबंधी वेतन (पीआरपी), चिकित्सा सुविधाएं और भविष्य निधि शामिल होंगे।

## 6.0 चयन की विधि

जांच और चयन अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र में दिए गए विवरण के आधार पर किया जाएगा। गलत/झूठी सूचना और गलत या अधूरी जानकारी देने पर अभ्यर्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा और ऐसी गलत/झूठी/अनुचित/अधूरी जानकारी देने के किसी भी परिणाम के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी। यदि चयन के किसी अन्य चरण में, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने अपने प्रत्यय-पत्रों के संबंध में झूठी जानकारी घोषित की है, तो बीईएल बिना पूर्व सूचना के चयन के किसी भी चरण में उन्हें विवर्जित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अभ्यर्थी की पात्रता, चरण जिसमें पात्रता संबंधी जांच की जाती है, शैक्षिक योग्यता तथा पात्रता के अन्य मानदंडों से संबंधित सभी मामलों में बीईएल का निर्णय अभ्यर्थी पर अंतिम और बाध्यकारी होगा।

जो अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता संबंधी मानदंडों को पूरा करते हैं और जिनके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, उन्हें अनंतिम रूप से लिखित परीक्षा के लिए लघुसूची में रखा जाएगा। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर, अभ्यर्थियों को 1:7 के अनुपात में प्रावीण्यता क्रम में साक्षात्कार के लिए अनंतिम रूप से लघुसूची में रखा जाएगा।

लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा।

## 7.0 आवेदन शुल्क

क) अभ्यर्थियों को एसबीआई कलेक्ट (ऑनलाइन मोड या एसबीआई शाखा के माध्यम से) के माध्यम से आवेदन शुल्क के लिए रु. 400/- और 18% जीएसटी की राशि जमा करनी होगी। अ.जा. / अ.ज.जा. / पीडबल्यूबीडी / भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट दी गई है।

ख) अभ्यर्थियों को भुगतान करने के लिए विवरण और स्क्रीनशॉट पढ़ना होगा।

ग) अभ्यर्थी एसबीआई शाखा जाकर भी भुगतान कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को भुगतान विकल्प में एसबीआई शाखा का चयन करना होगा और एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से सृजित चालान को डाउनलोड और प्रिंट करना होगा और रु. 400/- तथा 18% जीएसटी सहित लागू बैंक शुल्क किसी भी एसबीआई शाखा में जमा करना होगा। अभ्यर्थी को बैंक अधिकारी की मोहर और हस्ताक्षर प्राप्त करना सुनिश्चित करना होगा।

घ) अभ्यर्थियों को भुगतान के बाद सृजित "एसबीआई कलेक्ट रेफरेंस सं." को आवेदन पत्र में दर्ज करना होगा। अ.जा. / अ.ज.जा. / पीडबल्यूबीडी / भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट दी गई है।

ङ) अभ्यर्थी आवेदन शुल्क जमा करने और आवेदन भेजने से पहले सभी अनुदेशों और पात्रता मानदंडों को ध्यान से पढ़ लें। आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी ध्यान दें कि आवेदन शुल्क का भुगतान चेक, डीडी या नकद राशि में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

च) एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करते समय, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे उसी मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का उल्लेख एसबीआई के कलेक्ट में करते हैं जो उन्होंने आवेदन पत्र में लिखा है।

### भुगतान करने संबंधी अनुदेश-

क) www.onlinesbi.com पर जाएं और State Bank Collect का चयन करें।
ख) निबंधन व शर्तें स्वीकार करें और "Proceed" पर क्लिक करें।
ग) निगम / संस्थान के राज्य का चयन करें- अखिल भारतीय।
घ) निगम/संस्थान का प्रकार चुनें- पीएसयू-सरकारी क्षेत्र का उपक्रम और “Go” विकल्प पर क्लिक करें।
ङ) पीएसयू- सरकारी क्षेत्र के उपक्रम का चयन करें- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और “Submit” बटन पर क्लिक करें।
च) भुगतान श्रेणी का चयन करें- "Recruitment of Senior Assistant Officer (OL) – Fixed Tenure"
छ) ऊपर बताए गए अनुसार भुगतान करें।
ज) भुगतान रसीद का प्रिंट लें और उसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

## 8.0 सामान्य अनुदेश

a. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं। आंतरिक नियत अवधि के कार्यपालक **(**सेवारत**)** आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

b. अभ्यर्थियों को उनके अपने हित में यह सलाह दी जाती है कि वे यथाशीघ्र आवेदन करें और आवेदन जमा करें न कि ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अंतिम तारीख / समय तक इंतज़ार करें। यदि अभ्यर्थी डाक में विलंब के कारण अपने आवेदन जमा नहीं कर पाते हैं तो इसके लिए बीईएल जिम्मेदारी नहीं होगी।

c. भावी संदर्भ के लिए आवेदन पत्र और भुगतान की पर्ची का प्रिंट आउट संभाल कर रखें।

d. अधिकतम स्वीकार्य आयु, शैक्षिक योग्यता और शैक्षिक योग्यता उपरांत अनुभव आदि निर्धारित करने की निर्दिष्ट तारीख 01.02.2025 होगी। शैक्षिक योग्यता उपरांत कार्य अनुभव की गणना करने के लिए, उस तारीख से शुरू होने वाले कार्य अनुभव की अवधि जिसके बाद अभ्यर्थी को आवश्यक शैक्षणिक योग्यता का अंक-पत्र जारी किया गया था / जिस तारीख को विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा परिणाम जारी किया गया था, पर विचार किया जाएगा।

e. आयु, शैक्षिक योग्यता, लिखित परीक्षा में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत आदि में छूट विज्ञापन में दिए गए विवरण के अनुसार संबंधित श्रेणी में उस विशेष विषय में रिक्ति के अधीन प्रदान की जाएगी। श्रेणी आधारित पदों में रिक्ति न होने पर, उस श्रेणी के अभ्यर्थी जो आवेदन करते हैं, को अनारक्षित मानदंड के समतुल्य माना जाएगा।

f. पीएसयू/सरकारी/अर्ध सरकारी संगठनों में काम करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अनिवार्य रूप से "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" प्रस्तुत करना होगा। ऐसे अभ्यर्थी जो साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ होंगे, उनका साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।

g. आवेदन में घोषित श्रेणी / पत्राचार का पता / ईमेल आईडी / पद बदलने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

h. चयन प्रक्रिया की सही तारीख और समय लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र में सूचित किए जाएंगे। अभ्यर्थियों के पास कम से कम एक वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है जिसे आवेदन पत्र में दर्ज किया जाना है। लिखित परीक्षा/साक्षात्कार से संबंधित सूचना उसी आईडी पर ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी और उसे बीईएल की वेबसाइट में दिया जाएगा। अभ्यर्थी को भेजे गए ई-मेल उन्हें प्राप्त न होने की जिम्मेदारी बीईएल की नहीं होगी।

i. दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में ही होना चाहिए।

j. किसी भी तरह के पक्ष-प्रचार को अयोग्यता माना जाएगा।

k. केवल शैक्षिक योग्यता और अनुभव की न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करने से अभ्यर्थियों को साक्षात्कार / लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। चयन प्रक्रिया के सभी / किसी भी चरण में प्रवेश पूरी तरह अनंतिम होगा। केवल प्रवेश पत्र / साक्षात्कार का बुलावा पत्र / अभ्यर्थी को नियुक्ति का अनंतिम प्रस्ताव जारी करने का अर्थ यह नहीं होगा कि उसकी अभ्यर्थता बीईएल द्वारा अनुमोदित की गई है। बीईएल किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी को विवर्जित / अयोग्य करने का अधिकार सुरक्षित रखती है और आवश्यकता पड़ने पर बिना कोई अतिरिक्त सूचना जारी किए या उसके बाद कोई कारण बताए भर्ती या चयन प्रक्रिया को रद्द / प्रतिबंधित / विस्तारित / संशोधित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है।

l. अभ्यर्थी इस विस्तृत विज्ञापन को पूरी सावधानीपूर्वक पढ़ें और ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता की जांच कर लें। ध्यान रखें कि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरी गई श्रेणी में परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

## आवेदन कैसे करें

i. अभ्यर्थियों के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नं. होना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि यह पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय हो। आवेदन अनुक्रम संख्या, यूज़र आईडी, पासवर्ड और अन्य सभी महत्वपूर्ण जानकारियां उसी पंजीकृत ई-मेल आईडी और और मोबाइल नं. पर भेजी जाएंगी (कृपया यह सुनिश्चित करें कि इस मेल बॉक्स को भेजा गया ईमेल आपके जंक/स्पैम फ़ोल्डर पर रीडायरेक्ट न हो)।

**ii.** अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण प्रस्तुत करने/प्रदान करने में अत्यधिक सावधानी रखनी चाहिए।

**iii.** एक बार जमा किए गए आवेदन पत्र में सुधार नहीं किया जा सकेगा / वापस नहीं किया जाएगा और एक बार भुगतान करने के बाद शुल्क न तो वापस किया जाएगा और न ही समायोजित किया जाएगा।

उपर्युक्त सभी मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी इस विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में अपने आवेदन पत्र को निम्नलिखित स्व-सत्यापित फोटोकॉपी (निम्नलिखित अनुक्रम में एक सेट) के साथ "RECRUITMENT OF SENIOR ASSISTANT OFFICER (OL)" के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से लिखते हुए केवल स्पीड पोस्ट द्वारा भेजें।

- **विधिवत भरा आवेदन पत्र**
- **हाल ही में लिया गया पासपोर्ट आकार का फोटो**
- **एसएसएलसी/मेट्रिक प्रमाण-पत्र** (आयु का प्रमाण)।
- **पीयूसी/12 वीं कक्षा/डिप्लोमा अंक पत्रक**।
- **सभी सेमेस्टर/वर्षों** को उत्तीर्ण करने से संबंधित **डिग्री अंक पत्रक**।
- **अनंतिम / अंतिम डिग्री प्रमाण-पत्र**।
- **सीजीपीए को प्रतिशत में बदलने के लिए परिवर्तन फार्मूले का प्रमाण-पत्र**, जहाँ लागू हो, जो विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा विधिवत प्रमाणित हो।
- जाति प्रमाण-पत्र (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मामले में आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त करने हेतु)।
- दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी के मामले में)।
- **पिछले से वर्तमान नियोक्ता तक के शैक्षणोत्तर अनुभव प्रमाण-पत्र।** शैक्षणोत्तर अनुभव के वर्षों की संख्या निर्धारित करने के लिए कार्यग्रहण / नियुक्ति पत्र और कार्यमुक्ति पत्र (जहां लागू हो) संलग्न करना होगा। यदि अभ्यर्थी के अनुभव की प्रासंगिकता स्थापित नहीं की जा सकती है तो उसकी अभ्यर्थता पर विचार नहीं किया जाएगा। भूतपूर्व सैनिकों के मामले में कार्य-मुक्ति पुस्तिका (डिस्चार्ज बुक)।
- यदि अभ्यर्थी पीएसयू/सरकारी संगठनों/अर्ध सरकारी संगठनों में काम करते हैं तो उन्हें आवेदन या साक्षात्कार के समय अनिवार्य रूप से **'अनापत्ति प्रमाण-पत्र'** प्रस्तुत करना होगा।
- **एसबीआई शुल्क भुगतान की रसीद** (यदि लागू हो)
- भूमिका और जिम्मेदारियों/अनुभव पर संक्षिप्त विवरण।

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन स्पीड पोस्ट द्वारा

**उप प्रबंधक (मानव संसाधन व प्रशासन)**
**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**
**प्लॉट सं. 405, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज़-III**
**पंचकुला, हरियाणा-134 113**

को दिनांक 26.02.2025 तक भेजें।

किसी भी चरण में चयन न होने पर किसी भी अभ्यर्थी को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे इस विज्ञापन में निर्दिष्ट सभी पात्रता मानदंडों और अन्य शर्तों को पूरा करते हैं और यह कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दिए गए विवरण हर तरह से पूर्ण और सही हैं।

किसी भी तथ्य को छिपाने से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में या नियोजन के दौरान, यदि चुना गया हो, उम्मीदवारी को समाप्त किया जा सकता है। झूठी जानकारी देने या तथ्यात्मक जानकारी छिपाने/प्रकट न करने से अभ्यर्थी का नियोजन के लिए अयोग्य हो सकते हैं।

पोर्टल पर केवल पंजीकरण का आशय यह नहीं होगा कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंड को पूरा कर रहे हैं। इसे दस्तावेज सत्यापन के समय मूल में संबंधित और वैध दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए स्थापित किया जाएगा।

यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंड पूरा नहीं करता है और/या उस अभ्यर्थी ने कोई गलत सूचना दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और यदि चयन किया गया है तो ऐसी नियुक्ति सरसरी तौर पर समाप्त कर दी जाएगी।

ऑनलाइन फार्म में दिए गए सभी विवरण अंतिम माने जाएंगे और बाद में इनमें परिवर्तन करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। इसलिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित स्थान पर सही प्रविष्टि करते हुए पूरे ध्यान से ऑनलाइन फार्म भरें। आवेदन जमा हो जाने के बाद उसमें कोई संशोधन नहीं किया जा सकेगा।

m. उपर्युक्त विज्ञापन में कोई संशोधन, स्पष्टीकरण, अनुशेष, शुद्धि-पत्र, समय विस्तारण आदि बीईएल की वेबसाइट के करियर खंड में दिए जाएंगे और प्रेस में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।

n. तैनाती कंपनी की आवश्यकता के आधार पर की जाएगी।

o. उपर्युक्त पद वास्तविक आवश्यकता के आधार पर चयन के समय अलग हो सकते हैं।

p. अभ्यर्थियों के पास कम से कम एक वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-मेल आईडी (जिसे अनिवार्य रूप से आवेदन प्रपत्र में दर्ज किया जाना है) कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखें। एक बार ईमेल आईडी दर्ज करने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा। सूचना/संचार आदि प्राप्त करने और उसे डाउनलोड करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थियों की होगी। ई-मेल प्राप्त न होने, अवैध ई-मेल आईडी के कारण ई-मेल प्राप्त न होने, अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सेटिंग विकल्प आदि के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

q. अभ्यर्थियों को कार्य की अत्यावश्यकता के आधार पर अन्य परियोजनाओं/बाहरी स्थलों, यूनिटों में कार्य करने के लिए भी तैनात किया जा सकता है।

r. यदि अंग्रेजी के अलावा इस विज्ञापन के किसी अन्य संस्करण में दिए गए खंडों के अर्थ-निर्वचन के कारण कोई विवाद होता है तो बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

s. भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद पंचकुला/चंडीगढ़ में स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

t. अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति कंपनी द्वारा निर्धारित चिकित्सा उपयुक्तता मानकों के अनुसार कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा 'चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त' पाए जाने की शर्त पर होगी। जिस अभ्यर्थी को चयन पर रिपोर्ट करने के लिए बुलाया जाता है उसे सिविल सर्जन/सहायक सिविल सर्जन द्वारा अपनी चिकित्सकीय जाँच करानी होगी और कंपनी की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सा रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

**अस्वीकरण**

बीईएल की भर्ती प्रक्रिया सुदृढ़ और पारदर्शी है जहां चयन मानदंड पूरी तरह से अभ्यर्थी की योग्यता के आधार पर हैं। बीईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क या राशि जमा करने का अनुरोध नहीं करती है या शुल्क नहीं लेती है। हम नौकरी चाहने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बीईएल में रोजगार के एवज में भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संप्रेषण से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ी के कार्यों से होने वाले किसी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं है।

बीईएल ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

**किसी प्रकार की पूछताछ के लिए कृपया ई-मेल आई.डी: PKHRRECT@BEL.CO.IN पर संपर्क करें।**

***************